# प्रेस नोट- थाना पुवांया

# शाहजहाँपुर पुलिस

## प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 10.05.2025

## थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र मय करतूस के अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहापुर के निर्देशनुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे अभियुक्तो के सत्यापन व अवैध हथियार के दुरूपयोग व बिक्री को रोकने हेतु सघन अभियान के क्रम मे थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को एक अदद तमन्चा नाजायज 315 बोर चालू हालत में व एक मिस कारतूस 315 बोर व चार अदद खाली खोखा 315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 09/10.05.2025 को रात्रि गस्त के दौराने जरिये मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की एक सफेद रंग की eco sport कार जिसका नम्बर UP 32 GH 0030 है जिसमें पांच व्यक्ति बैठे है। जो बण्डा रोड़ पर ग्राम मिलकिया मोड़ के पास खडी है। जिसमे एक व्यक्ति के पास नाजायज 315 बोर का तमन्चा है। अगर जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम मिलकिया मोड़ के पास खड़ी के पास पहुंचे और कार के सामने मोटरसाईकलों को खड़ा करके कार के चालक से खिड़की खुलवाकर गाड़ी से उतारकर नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो इस व्यक्ति ने अपना नाम पीयूष शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी ग्राम दलेलपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर उम्र करीब 21 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से एक अदद तमन्चा 315 बोर नाजायज, एक अदद मिस कारतूस 315 बोर, चार अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक अदद मोबाइल REALME 11 PRO 5G बरामद हुआ गाड़ी मे बैठे अन्य चार व्यक्तियो से कोई अवैध शय बरामद नही हुई। अतः पीयूष शुक्ला उपरोक्त को उसके जुर्म धारा 3/25 A Act से अवगत कराते हुए बाकायदा समय समय 02.40 बजे जायज हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त को थाना पुवायाँ पर लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. पीयूष शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी ग्राम दलेलपुर थाना कोतवाली देहात सीतापुर उम्र करीब 21 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोगः –**

1. मु0अ0सं0 375/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 01 अदद तमन्चा नाजायज 315 बोर
2. 01 मिस कारतूस 315 बोर
3. 04 अदद खाली खोखा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी टीम का विवरण:-**

1. उ0नि0 श्री विशाल थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 754 इलियास अहमद थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2338 गौरव कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर